तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 बाबा साहेब ने विश्व का एक अद्भूत संविधान बनाकर...



13 स्वीप क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के फाइनल में सरायपाली..





# लोकपाल के पास मामला लंबित, पुनः जांच की मांग, कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत गोड़मर्रा के ग्रामीणो ने सरपंच और उसके पति पर मनरेगा और शौचालय तथा अन्य योजनाओं की राशि में अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर जांच कराने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। लेकिन, कलेक्टर ने उनके आवेदन को लेने से इनकार कर दिया। कलेक्टर का कहना है कि इससे पूर्व किए गए आवेदन के आधार पर जांच के लिए लोकपाल के पास भेज दिया गया है। यदि पूर्व में सौंपे गए आवेदन की रसीद हो, तो वे प्रस्तुत करें। करीब 50-60 की तादाद में पहुंच ग्राम पंचायत गोड़मर्रा के ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि सरपंच श्रीमती पंकसिनी भोई व उसके पति गोपाल भोई द्वारा अपने कार्यभार ग्रहण से लेकर वर्तमान समय तक लाखों-करोड़ों रूपए की अनियमितता की गई है। ग्राम पंचायत अन्तर्गत ग्राम देवलगढ़, गोड़मर्रा में शुलम शौचालय के नाम पर पात्र हितग्राहियों को अपने स्वयं की राशि लगाकर शौचालय का निर्माण करवाया तथा शासन से राशि मिलने के बाद भुगतान करने की बात कही गई। लेकिन, हितग्राहियों के खाते में अब तक राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इसमें 8-10 लोगों की राशि नहीं मिली है और लगभग 20-21 लोगों का शौचालय ही नहीं बना है और राशि का आहरण कर गबन कर लिया गया है।

## मनरेगा, शौचालय निर्माण में अनियमितता की जांच की मांग का लेकर आए थे ग्रामीण

### फर्जी मस्टररोल बनाकर आहरण

इसी प्रकार मनरेगा योजना की स्वीकृत राशि से ग्राम गोड़मर्रा में छोटे तालाब निर्माण कार्य में ग्राम-देवलगढ़ के लगभग 15 परिवारों का नाम जोड़ कर अवैध व फर्जी मस्टररोल बनाकर राशि आहरण किया गया है। मनरेगा के तहत मजदूरों की लाखों रुपए की राशि का गबन कर लिया गया है, जो कि उच्च स्तरीय जाँच का विषय है।



### राशि आहरण लेकिन, उपयोग नहीं

सरपंच व पति द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अपने कार्यकाल में विभिन्न मदों की राशि का आहरण कर उसका उपयोग ही नहीं किया गया है। इस दौरान विरेन्द्र कुमार, करुणा साहू, छोटे लाल, नरेश भोई, जगदीश, भोज कुमार, लक्ष्मण प्रधान, राजकुमारी, मुक्ता, मथुरा बरिहा, उर्मिला सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहें।

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-
श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥

## खबर संक्षेप

### अनाचार व जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से लगातार पांच महीने तक अनाचार करने व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। खल्लारी पुलिस इस मामले में आरोपी भूषण यादव पिता मनहरण यादव निवासी खम्हरिया के खिलाफ धारा 376 (2) (एन), 506 भादवि, धारा 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने बैदपाली चौक के पास से 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपी दयानिधि डड़सेना पिता शिवलाल डड़सेना (25) निवासी रिसेकेला के खिलाफ धारा 32 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### शराब की अवैध बिक्री पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने ग्राम गोपालपुर में महुआ शराब की अवैध बिक्री कर रहे व्यक्ति पर कार्रवाई की है। आरोपी दुर्योधन बरिहा पिता श्रीराम बरिहा (42) गोपालपुर के कब्जे से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया गया है। मामले में धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### जहर सेवन से युवती की मौत

**महासमुंद।** जहर सेवन के बाद



इलाज के लिए भर्ती युवती की मौत हो गई। तेंदुकोना पुलिस ने बताया कि दीक्षा ध्रुव पिता मनोज ध्रुव (19) निवासी मोहदा ने अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया था, जिसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल पिथौरा में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

## महंगाई हावी : प्रति क्विंटल 600 से 4600 रुपए तक कर दी गई वृद्धि

# धान का समर्थन मूल्य बढ़ा तो खरीफ बीज के दाम ने भी लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ रागी और कुटकी को छोड़कर सभी प्रकार के बीजों के कीमतों में भारी वृद्धि

छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड ने खरीफ 2024 के लिए प्रमाणित बीज की नई दरें घोषित कर दी है। इसके अनुसार बीज की कीमतों में इस बार भारी इजाफा हुआ है। बीते वर्ष की तुलना में इस बार बीज की दरों में प्रति क्विंटल 600 से लेकर 4600 रुपए तक की वृद्धि कर दी गई है। इस साल बीज में किए गए भारी इजाफा को धान के अलावा अन्य फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि से जोड़कर देखा जा रहा है। इससे किसान भी अचरज महसूस कर रहे।

बीते वर्ष की तुलना में सबसे ज्यादा तिल की कीमत में प्रति क्विंटल 4600 रुपए की वृद्धि की गई है। गत वर्ष तिल प्रति क्विंटल 14700 रुपए था, जिसे बढ़ाकर इस बार 19300 रुपए कर दिया गया है। इसी प्रकार मूंगफली 9500 से बढ़कर प्रति क्विंटल 11900 रुपए कर दिया गया है। यानी कि प्रति क्विंटल 2400 रुपए की वृद्धि हो गई है। वहीं उड़द की कीमत में 2250 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई है। गत वर्ष इसकी कीमत 10250 रुपए रहा, जो बढ़कर 12500 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है।



### प्रमाणित बीज की नई दरें घोषित

| फसल | 2024-25 | 2023-24 | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| धान मोटा | 3400 | 2800 | 600 |
| धान पतला | 3900 | 3000 | 900 |
| पतला सुगंधित | 4500 | 3400 | 1100 |
| कोदो | 7200 | 6000 | 1200 |
| कुटकी | 4700 | 6000 | 1300 |
| रागी | 3400 | 4600 | 1200 |
| उड़द | 12500 | 10250 | 2250 |
| मूंग | 11200 | 10100 | 1100 |
| सोयाबीन | 8200 | 8100 | 100 |
| मूंगफली | 11900 | 9500 | 2400 |
| तिल | 19300 | 14700 | 4600 |

### मात्र कुटकी एवं रागी की कीमत में कमी

नई दरों के अनुसार मात्र कुटकी एवं रागी बीज की कीमत में कमी की गई है। कुटकी 6000 से घटकर प्रति क्विंटल 4700 रुपए हो गया है। वहीं रागी बीज 4600 से घटकर प्रति क्विंटल 3400 रुपए में मिलेगा। धान पतला सुगंधित बीज की कीमत में प्रति क्विंटल 1100 रुपए की वृद्धि करते हुए 3400 से बढ़ाकर 4500 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। वहीं धान पतला 3000 रुपए से बढ़कर 3900 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है।

### जिले में 39775 क्विंटल बीज की मांग

बीज प्रबंधक लोकेश चंद्राकर के अनुसार जिले में सभी प्रकार की फसलों के करीब 35 हजार क्विंटल बीज की मांग रहती है। वर्तमान में प्रक्रिया केन्द्र महासमुंद में 18-19 हजार क्विंटल धान बीज उपलब्ध है। इसी प्रकार अन्य फसलों के बीजों की आपूर्ति राज्य के अन्य जिलों एवं अन्य राज्यों से की जाएगी।

# शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर पति ने की पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ बोईरगांव में बुजुर्ग महिला की मौत के मामले का हुआ खुलासा

ग्राम बोईरगांव में बुजुर्ग महिला की हत्या मामले में पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार किया है। कोमाखान पुलिस ने छिनई बाई यादव पति परस राम यादव (60) बोईरगांव की मौत मामले में जांच के दौरान अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की थी। विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा संदेह के आधार पर मृतका के पति परसराम यादव पिता शत्रुघन यादव (65) को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर वह पुलिस टीम को गोलमोल जवाब देकर गुमराह करने लगा। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि अपने पत्नी छिनई यादव को शराब पीने के लिए पैसा मांगा, लेकिन जब उसने नहीं दिया तो गुस्से में आकर लकड़ी के पीढ़ा से चेहरा, दोनों आंख, कान, सिर, हाथ में मारकर उसकी हत्या कर दी।पुलिस ने आरोपी के विरूध्द धारा 302 भादवि के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा है।



### नौकरी दिलाने का झांसा देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** माइक्रोफायनेंस कंपनी में एजेंट की नौकरी दिलाने के नाम पर 91000 रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को महासमुंद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत कार्रवाई की गई है। मामले को लेकर प्रार्थी लोकेश सेन पिता पुरंधर सेन (28) सांकरा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि बीते साल 4 दिसंबर को ग्राम नगेडा निवासी राजेश पटेल ने मेरे सेलून में आकर क्लीक माइक्रोफायनेंस कंपनी में एजेंट के पद नौकरी लगा देने की बात कही थी। साथ ही कहा था कि इस नौकरी के लिए अमानत के रुप में 91000 रुपये जमा करने होंगे। प्रार्थी ने आरोपी राजेश पटेल की बातों में आकर राशि जमा कर दिया, लेकिन उसे न तो नौकरी मिली और न ही जमा की गई रकम वापस मिली। इस मामले की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी की ग्राम नगेडा में जाकर पतासाजी की। इस दौरान आरोपी अपने घर में मिला। उसने पुलिस की टीम को प्रार्थी लोकेश सेन से 91000 रुपये एजेंट के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करना स्वीकार किया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

# शिवसेना चुनाव में भाजपा का करेगी समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधानसभा की तरह ही लोकसभा चुनाव में भी छग शिव सेना भाजपा के समर्थन में है। छग शिवसेना स्व बाला साहेब के सिध्दांतों पर चल रही है और चलती रहेगी। उद्धव ठाकरे के महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहते हुए पालघर में साधु-संतों की हत्या की गई, जिसके बाद उद्धव ठाकरे से दूर जाना ठीक लगा। इसलिए, वे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ हैं। यह बात छग शिवसेना प्रमुख धनंजय परिहार ने प्रेसवार्ता के दौरान बताई। पुराने रेस्ट हाऊस में आयोजित प्रेसवार्ता में छग शिवसेना प्रमुख श्री परिहार ने बताया कि बीते 7-8 वर्षो की तरह ही इस वर्ष भी शिवसेना द्वारा दुर्गा मंदिर से घुंचापाली चंडी मंदिर तक चुनरी यात्रा निकाली गई। सैकड़ों की तदाद में पैदल यात्री करीब 60 मीटर की चुनरी को माता चंडी के चरणों में भेंट की गई। वहीं, उन्होंने प्रेसवार्ता के दौरान बसना के जाड़ामुड़ा समिति में किसानों के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपए के धान घोटाला का मुद्दा भी उठाया। श्री परिहार का कहना है कि समित प्रबंधक उमेश भोई किसानों से ठगी कर फरार हो गया। इसके चक्कर में किसानों द्वारा बेचे गए वास्तविक धान का भुगतान भी शासन द्वारा रोक दिया गया है, जिससे उन किसानों के सामने भूखे मरने की नौबत आ गई है। शिव सेना द्वारा इस मामले में विधायक, सांसद, कलेक्टर आदि को ज्ञापन सौंपकर किसानों को भुगतान करने का आग्रह किया गया है। लेकिन, अब तक उनका भुगतान अटका हुआ है। इस मुद्दे पर आचार संहिता समाप्त होते ही एक बड़ा आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। इस दौरान महासमुंद जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, पुनित राम साहू, श्री शुक्ला, अजय बंजारे, अशोक प्रधान, दुर्गेश गुप्ता, लोकेश्वर चंद्राकर आदि मौजूद रहें।



# सीने में जलवाई ज्योति, नौ दिन तक माता की भक्ति में लीन

## नवरात्रि में मां के प्रति अटूट श्रद्धा, शक्ति की भक्ति में लीन श्रद्धालु को देखने रोज पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम अछरीडीह नयापारा के मां चंडी मंदिर में मां काली के भक्त टोहल निषाद द्वारा नवरात्र में मां के प्रति अटूट श्रद्धा के साथ हृदय स्थल पर जंवारा के साथ अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। नवरात्र में आस्था के कई रूप देखने को मिलते है। चैत्र पक्ष में घर से मंदिर भक्त कई मिल पैदल सफर करते है तो कोई जमीन से लेटते हुए आराधना करते हैं। वहीं एक ऐसा भक्त जो तीन सालों से नवरात्रि में 9 दिन तक यह कठोर तप कर रहे हैं। टोहल निषाद ने बताया कि नौ दिन तक निर्जला रहते है। और मानव कल्याण के लिए साधना करते है। साथ ही धरती पर मौजूद हर प्राणियों के कल्याण के लिए लिए वह यह तप कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आस्था से शक्ति मिलती है। यह मां दुर्गा का ही आशीर्वाद है कि उन्हें इस तप से शक्ति मिलती है। आचार्य मैथलीशरण ठाकुर ने बताया कि लगातार तीसरे वर्ष से मां चंडी मंदिर में टोहल निषाद अपने सीने में ज्योत जंवारा प्रज्ज्वलित करते आ रहे है। वे मां काली के भक्त है। शक्ति के भक्ति में लीन भक्त को देखने के लिए कोने-कोने से श्रद्धालु यहां मत्था टेकने आते हैं।



## प्रेसवार्ता में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दी संकल्प पत्र की जानकारी

# विपक्षी दलों के पास देश के लिए कोई विज़न नहीं

न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा सोमवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र, मोदी की गारंटी के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विपक्षी दलों के पास न ही संगठनात्मक ढांचा है और न ही नेता है। उनके पास आने वाले भारत के लिए विजन भी नहीं है। जबकि, भाजपा के संकल्प पत्र में भारत को आने वाले 25 वर्षो में विकसित राष्ट्र की श्रेणी में ले जाने के लिए मोदी जैसा दूरदर्शी सोच वाला नेता और विजन तैयार कर लिया गया है।

केबिनेट मंत्री श्री चौधरी ने आगे बताया कि भाजपा का संकल्प पत्र, मोदी की गारंटी है, जो पूरे होने की फूल गारंटी है। मोदी की गारंटी पर देश सहित पूरा विश्व भरोसा करता है। संकल्प पत्र में में गरीब, अन्नदाता किसान, युवा, महिला, वंचित वर्ग, व्यापारी, उद्योग और मैनुफैक्चरिंग पर जोर दिया गया है। गरीबों के लिए बीते 10 वर्षो में 4 करोड़ आवास बनाए गए और आने वाले 5 वर्षो में 3 करोड़ आवास बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। कोराना काल से प्रति परिवार 5 किलो चावल मुफ्त देने की योजना को वर्ष 2029 तक बढ़ा दिया गया है। नारी सशक्तिकरण के लिए देश में एक करोड़ लखपति दीदीयां बनाई गई, जिसे बढ़ाकर 3 करोड़ तक किया जाएगा।





### विकास भी और विरासत भी

श्री चौधरी ने बताया कि संकल्प पत्र में नागरिकों की सुख सुविधा में विकास के साथ ही देश के गौरव शाली विरासत को संजोने का संकल्प भी है। आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा, किसानों की फसलों का समर्थन मूल्य में लगातार वृद्धि, मोबाइल सेक्टर में आत्मनिर्भर, सेमी कंडक्टर का निर्माण के साथ ही रामायण उत्सव, अयोध्या में विकास की गाथा लिखी जाएगी। साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को 11 वें से 5 वें नंबर पर लाया गया है और इसे आने वाले वर्षों में तीसरे नंबर में लाया जाएगा।

### मोदी को मिलेगा तीसरी बार जनादेश

आजाद भारत में हुए आम चुनाव में पं नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी दूसरे ऐसे प्रधानमंत्री होंगे, जिनको लगातार तीसरी बार जनता का आर्शिवाद मिलेगा। वहीं, प्रदेश में भी सिर्फ तीन महिनों के कार्यकाल में किसानों को 13 हजार करोड़ धान के अंतर राशि, नए आवास स्वीकृत, महतारी वंदन, रामलाल दर्शन योजना को अंजाम दिया जा चुका है। इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, सांसद प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमार चौधरी, ऐतराम साहू, सतपाल पाली, प्रदीप चंद्राकर, इंद्रजीत सिंह गोल्डी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### एक किमी दूर से ला रहे डोंगरीपाली के ग्रामीण पेयजल

**महासमुंद।** गर्मी बढ़ते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है। गर्मी आते ही बोर, हेंडपंप का जलस्तर काफी नीचे चला गया है, जिसके चलते ग्रामीणों को कई किमी पैदल चलकर पेयजल लाना पड़ रहा है। ताजा मामला ग्राम पंचायत मामा भांचा के आश्रित ग्राम डोंगरीपाली का है, जहां के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचकर पेयजल उपलब्ध कराने की मांग को लेकर पहुंचे। ग्राम डोंगरीपाली के लेखराम, नीलकंठ, प्रतापसिंह, महेन्द्द, राम्हीन, पप्पु, विमला, सोनिया आदि ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि गर्मी बढ़ते ही गांव में पीने की पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। गांव में लगे हैंडपंप भी खराब हो चुका है। पीने की पानी के लिए एक किलो मीटर दूर जाना पड़ रहा है। सरपंच, सचिव से शिकायत करने पर वे किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहें।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### भुरका में दो दिवसीय मानस गान कल से

**महासमुंद।** ग्राम भुरका में दो दिवसीय श्रीराम चरित मानसगान सम्मेलन का आयोजन 17 और 18 अप्रैल को किया जाएगा। इस सम्मेलन में शामिल होने वाली प्रत्येक मानस मंडली को 501 रुपए सम्मान राशि के तौर पर दिए जाएंगे। उक्त जानकारी जय श्रीराम जानकी मानस मंडली एवं ग्रामवासियों द्वारा दी गई।

### श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर हुई बैठक

**रायपुर।** रेसिडेंट वेलफेयर सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। उपस्थित सोसाइटी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम 17 अप्रैल को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के लिए रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें शाम 5 बजे वटेश्वर महादेव मंदिर स्थल पर समस्त कॉलोनीवासी एकत्रित होंगे। वहां से श्रीराम की शोभायात्रा प्रारंभ होकर कॉलोनी भ्रमण करेगी। भ्रमण के बाद गार्डन में 6 से 7 तक श्रीराम जन्म प्रसंग का कथावचन होगा। इसके बाद 7 से 8 बजे तक भगवान की आरती के बाद प्रसाद गो-दुग्ध से निर्मित खीर का वितरण कर समापन किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में समस्त कॉलोनीवासी, बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की अगवाई में लोकसभा चुनाव को लेकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए ग्राम टेकारी में जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। गांव की गलियों में मतदान जागरूकता के स्लोगन के साथ सभी स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों से लोकसभा चुनाव में अपना मत देने की अपील की तथा मताधिकार के बारे में बताया गया। हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियां व मतदान संबंधी नारे लगाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।



## शहर के मंदिरों में आस्था की ज्योति प्रज्वलित



महासमुंद। चैत्र नवरात्रि में शहर के महामाया, शीतला, खल्लारी मंदिर में कुल 1695 ज्योत प्रज्वलित की गई है। महामाया मंदिर में 1512, शीतला में 169, खल्लारी मंदिर में 14 ज्योत प्रज्वलित की गई। 16 अप्रैल को प्रातः 8 बजे तीनों मंदिरों में हवन कार्यक्रम होगा। 10 बजे कन्या भोजन तत्पश्चात भंडारा कार्यक्रम होगा। यह जानकारी मंदिर परिषद की प.शंभू दायालाल ने दी है।

# आत्मानंद में मतदाता जागरुकता को लेकर विविध कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय (सेजेस) में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम (स्वीप प्रोग्राम) अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नुक्कड़ नाटक, निबंध,भाषण, पोस्टर, स्लोगन आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने संदेश दिया गया। यशवन्त कुमार चौधरी ने बताया कि नुक्कड़ नाटक में लिजा प्रधान, रुचिका विशाल, राजेश्वरी चंद्राकर, हर्षिता साहू, निशा यादव, झरना यादव, हिमानी डहरिया की टीम ने भाग लेकर वोट के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ओजस्वी भाषण से सबको प्रेरित करते हुए मजबूत लोकतंत्र के लिए मत, मतदाता, मतदान के महत्व को स्पष्ट किया, जिसमें प्रथम स्थान स्वाति यादव एवं द्वितीय स्थान प्रकृति प्रधान ने प्राप्त किया। विषय आधारित निबंध लेखन स्पर्धा में प्रथम स्थान पर श्रेष्ठ अग्रवाल, द्वितीय स्वाति यादव, तृतीय स्थान पर प्रीति बाघ एवं प्रकृति प्रधान रहीं, जिन्होंने निबंध में अपने मौलिक विचार लिखकर निष्पक्ष मतदान के महत्व को प्रतिपादित किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम प्रीति बाघ, द्वितीय रुचिका विशाल, तृतीय हर्षिता साहू रहीं एवं लिजा प्रधान, राजेश्वरी चंद्राकर का प्रदर्शन भी उत्कृष्ट रहा। प्रतिभागियों ने स्लोगन लेखन कर वोट जरूर देने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनय अग्रवाल, द्वितीय स्वाति यादव एवं श्रेष्ठ अग्रवाल, तृतीय राजेश्वरी चंद्राकर एवं वर्षा पटेल रहीं। रुचिका विशाल, लिजा प्रधान, कोमल प्रधान, अखिलदेव डडसेना, प्रीति बाघ, टीशा प्रधान, प्रकृति प्रधान, बीना पटेल, गगन साहू, दिव्यांश पटेल, याज्ञिनी नायक आदि ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर रंगीन चित्र उकेरते हुए मतदाता जागरुकता का संदेश दिया।

### मजबूत लोकतंत्र-सबकी भागीदारी

सुव्य वस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) अंतर्गत मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरुकता का प्रचार-प्रसार करने एवं मतदाताओं की जानकारी बढ़ाने के उद्धेश्य से यह विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्धेश्य से मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। संकुल प्राचार्य जगदीश प्रसाद पटेल, सीएसी कामता प्रसाद पटेल ने स्वीप कार्यक्रम की काफ़ी सराहना की। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी, शिक्षक श्याम सुन्दर दास, विनोद कुमार चौधरी, शिक्षिका रश्मि राजा, शिक्षक दिनेश पटेल, शिक्षक विशीकेशन नैरोजी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### शोभायात्रा में शरीक हुए अंकित

महासमुंद। खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि विगत दिनों हिंदू नववर्ष के अवसर पर बागबाहरा में निकली भव्य शोभायात्रा का साथियों सहित प्रसाद वितरण कर स्वागत किया। इस दौरान कृष्णा यादव, वीरेंद्र शुक्ल, अभिषेक यादव, रिहान कोहली, सोनू सहिस, हेमंत सेन, लिलेश्वर सिन्हा, मेघराज साहू, तरुण देवांगन, बलराम ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

### भिलाई में हुई दो दिवसीय कराते प्रतियोगिता में कृष्णा, वेंकटेश और गीत सिंह ने लाया पदक



महासमुंद। छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन द्वारा आगामी राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता जो कि मई में कियो ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप कैडेट 14 से 15 वर्ष, जुनियर 16 से 18 वर्ष सिनियर 21 वर्ष होने वाली है, जिसके लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भिलाई में महिला महाविद्यालय में रखा गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला, दुर्ग, धमतरी, महासमुद रायपुर, बलोदाबाजार, बस्तर, बिलापपुर, जांजगीर चांपा राजनांदगांव, कबीरधाम गरियाबंद, मुंगेली, कोरबा और अन्य जिले में लगभग पांच सौ चुनिन्दा खिलाडियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें महासमुंद के जिला कराते संघ के 6 खिलाड़ी ने सचिव सेन्साई आनंद कुमार, सेमाई अभय दास के मार्गदर्शन में भाग लिया। जिसमें कैडेट 14 से 15 वर्ष में कृष्णा पटेल ने तृतीय स्थान, वजन माइनस 57 में वेंकटेश साहू. पिताः भोजराम, वजन माइनस 68 में गीत सिंह पुंज पिता हेमन्त सिंह पुज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सिनियर में दिव्या साहू, दिलेश्वर टेल, मनोज कोमर्रा ने भाग लिया। जिनमें जिला कराते संघ के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष प्रफुल दुबे, उपाध्यक्ष संदीप चौधरी, कोषाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव, भोज विश्वकर्मा, लालू सोनवानी, प्रवीण मलिक ने हर्ष जताया है।

# डाइट में कार्यशिक्षा अंतर्गत गमला निर्माण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में कार्य शिक्षा अंतर्गत गमला निर्माण कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य मीना पाणिग्राही के मार्गदर्शन एवं प्रभारी किरण कन्नौजे के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती पाणिग्राही ने कहा कि कार्य शिक्षा हमारे संस्थान का प्रमुख अंग है, इसके माध्यम से हम सृजनात्मकता की ओर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षक को कुशल शिल्पी व सृजनकर्ता होना चाहिये यही कारण है कि डीएलएड के पाठ्यक्रम में कार्यशिक्षा को समाहित किया गया है। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान, के सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता राजेश चंद्राकर, उमादेवी शर्मा, संतोष साहू, टेकराम सेन, कमलेश पांडेय, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, तिलोत्मा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर ने छात्राध्यापकों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि अभी तो आप सिर्फ गमला निर्माण कर रहे हो आगे जाकर राष्ट्र का निर्माण करना है । उन्होंने कहा कि एक कुशल शिक्षक राष्ट्र का शिल्पी होता है। संस्थान के साहित्यिक सांस्कृतिक प्रभारी एवं साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में हमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना होगा तभी बच्चों के भविष्य का निर्माण कर पाएंगे। इस अवसर पर जसवंत सिदार, राजेश ध्रुव, राकेश योगिता पटेल, आर. जू बानो, नीलकंठ, प्रीतम, लिखन, लक्ष्मी, प्रियंका, अजय कुमार चुम्मन, डिगेश, गोपाल, न्योति, खिलेश्वरी, किशन कुमार, ललित सहित प्रथम वर्ष के सभी छात्राध्यापकगण उपस्थित थे। व्याख्याता टेकराम सेन ने कहा कि सभी प्रायोगिक परीक्षा एवं मुख्य परीक्षा की तैयारी में जुट जाए एवं अपनी सक्रियता व लगनशीलता का परिचय दें। उक्त जानकारी संस्थान की ओर से किरण कन्नौजे ने दी है।



### सिंधी क्विज के विजेताओं को भेंट की चांदी की तस्वीर

**रायपुर।** चेट्रीचंड्र पर्व के उपलक्ष्य में डिजिटल इंफ्लुएन्सर, सिंधी ब्लॉगर प्रशांत राज गावरी ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर सिंधी क्विज का आयोजन किया। सिंधी समाज से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं नई पीढ़ी को समाज की परंपरा, संस्कृति से रूबरू कराने की इस स्पर्धा में देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रविवार को क्विज के विजेताओं की घोषणा करते हुए आयोजक श्री गावरी ने पुरस्कार स्वरूप भगवान झूलेलाल की चांदी की तस्वीर भेंट की। विजेताओं में रायपुर के मोक्ष माखीजा, यशिका पिंजानी, साक्षी माखीजा, बंटी लालवानी, हेमा सुंदरानी, महक तन्ना, निकिता पामवानी, पल्लवी धामेजा, दिशा केलवानी, दीपक गुड़वानी को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समरोह में मुखी अप्पू वाडिया, अमर चंदनानी, रमेश वालेचा, सुरेश तहल्याणी, प्रतीक गावरी, रवि समेत समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



### कांपा स्कूल में विदाई समारोह के साथ छात्रों को कराया न्योता भोज

**बिरकोनी।** ग्राम काँपा के शासकीय प्राथमिक शाला भाटापारा के शिक्षिका तरन्नुम खान ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को न्योता भोज कराया। साथ ही कक्षा पांचवी के छात्रों को विदाई दी गई। सर्वप्रथम शिक्षिका ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। फिर समन्वय सहदेव राम ध्रुव एवं मिडिल स्कूल कांपा के प्रधान पाठक यशवंत साहू ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। पश्चात बच्चों को न्यौता भोज कराया गया। संस्था के शिक्षक ललित साहू की ओर से बच्चों को पेन कॉपी प्रदान किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सहदेव राम ध्रुव, मिडिल स्कूल कांपा के प्रधान पाठक यशवंत साहू, प्राथमिक शाला मुस्की के प्रधान पाठिका गायत्री चंद्राकर के अलावा संकुल के शिक्षक सुरेश कुमार साहू, रूबीना परवीन, लोमीन साहू, अनुपमा देवांगन, चंचल स्वर्णकार, रामाधार जलक्षत्री, मनोज चंद्राकर, संस्था के प्रधान पाठक नानासाहेब मानिकपुरी, इम्तियाज अशरफी, सपन कुमार देवांगन, दौना बाई, भागबती साहू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालनश शिक्षक ललित साहू ने किया।

# किडनी के इलाज का बड़ा सेटअप डीकेएस में, ट्रांसप्लांट की योजना अभी भी अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



एकमात्र डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में किडनी की बीमारी के इलाज के लिए बड़ा सेटअप है, मगर यहां प्रत्यारोपण की सुविधा अब तक शुरू नहीं हो सकी है। छह करोड़ की उपकरण खरीदी का प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है। इस बीमारी से पीड़ित ज्यादातर मरीज निजी अस्पतालों के भरोसे हैं, जहां इलाज के लिए उन्हें बड़ी रकम खर्च करनी पड़ रही है।

डीकेएस में जब सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल की शुरुआत की गई, तो यहां किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू करने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए प्रयास भी शुरू किया गया था और अंग प्रत्यारोपण एक्ट का मसौदा तैयार किया गया था। राज्य के विभिन्न निजी अस्पताल में यह इसकी सुविधा शुरू हो गई, मगर डीके अस्पताल पिछड़ता चला गया। चिकित्सकों के अनुसार डीके अस्पताल में किडनी संबंधित बीमारियों के इलाज का बड़ा सेटअप है। यहां मरीजों की डायलिसिस के लिए सबसे अधिक मशीन है चिकित्सक और अन्य स्टाफ भी यहां पर्याप्त संख्या में हैं, इसके बाद भी प्रत्यारोपण की सुविधा के मामले में यह अस्पताल सबसे पीछे है। जरूरतों के हिसाब से यहां उपकरण जुटाने के लिए शासन को प्रस्ताव काफी बार भेजा जा चुका है, मगर इस पर अब तक किसी तरह की स्वीकृति नहीं दी गई है।

# नयागांव में ठाकुर देव विवाह महोत्सव आज से, 5 दिनों तक होंगे विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़-ओडिशा के सीमावर्ती ग्राम नयागांव (मुड़पहार) में 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक 5 दिवसीय ठाकुर देव विवाह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रसिद्ध ओड़िया धार्मिक कार्यक्रम धनुयात्रा के आयोजन के साथ साथ अपेरा, महिला कीर्तन, मीना बाजार, कंस दरबार के साथ ही अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में कार्यक्रम के आयोजक ग्रामवासियों ने बताया कि 16 से 20 अप्रैल तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन का यह तृतीय वर्ष है। ग्राम में ठाकुर देव विवाह महोत्सव के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी विशाल भव्य मेला का शुभारंभ 16 अप्रैल को समलेश्वरी कीर्तन मण्डली गहनाखार (गायिका सुशीला झांकर, वादक-तरूणी भाई), पठारी महिला कीर्तन मण्डली पलसदा (ओडिशा) (गायिका पुजासिंह बरिहा, वादक-श्याम विशाल), जय मा पूर्णमासी महिल कीर्तन मण्डली अंतरझोला (स्कूलपारा) गायिका-जयंती वर्गे (वादक-जयलाल प्रधान), मानस कीर्तन मंडली नवागांव (गायक-उपमन्युं मटारी (वादक-राजेंद्र मलिक) का कीर्तन व भजन से प्रारंभ होगा। 17 अप्रैल को रस मंदार दण्ड नृत्य (मकसीर दुलिया, रिना कुम्हार गुरुपाली ओडिशा), तीसरे दिन 18 व 19 को अप्रैल को गणेश अपेरा गौटिया पार्टी जट्टला (ओडिशा) का कार्यक्रम होगा। अंतिम दिन 20 अप्रैल को धनुयात्रा के दौरान कंस वध के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि इन 5 दिनों में कार्यक्रम ने आने वाले सभी श्रद्धालुओं व भक्तगणों के लिए प्रत्येक रात्रि भंडारा की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक दिन कंस दरबार आयोजन बरगढ़ के महाराज सुशील कुमार नायक, मीना बाजार का आयोजन दिलीप बाग व पार्किंग व्यवस्था नरोत्तम दास द्वारा की गई है।

## खबर संक्षेप



### नांदगांव में रामायण समारोह कल से

**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव में 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक अखंड पांच दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए, द्वितीय 2501 एवं तृतीय 1001 रुपए प्रदाय किया जाएगा। इन विजयी टीमों को गंगा प्रसाद तारक द्वारा क्रमशः 301 रुपए, 201 एवं 101 रुपए सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में आयोक समिति के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, उपाध्यक्ष रामनारायण धीवर, कोषाध्यक्ष दशरू पटेल, सचिव विष्णु चंद्राकर, सलाहकार खोरबाहरा धीवर, संरक्षक दीनू राम पटेल एवं ठाकुर राम धीवर व सदस्यगण समेत ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### गंजपारा में हवन पूजन कल, होंगे विविध कार्यक्रम

**महासमुंद।** स्थानीय गंजपारा हनुमान (साई) मंदिर में 17 अप्रेल सोमवार को सुबह 8 बजे हवन, 10 बजे से रामायण भजन कार्यक्रम और 12 बजे से सोहर गीत कार्यक्रम रखा गया है। राम जन्म मंगल उत्सव सोहर गीत के पश्चात संध्या को प्रसाद वितरण एवं शाम 7 बजे हनुमान चालिका पाठ रखा गया है।

## आयोजन : अंबेडकर की 133वीं जयंती समारोह पर विविध कार्यक्रम हुए

# बाबा साहेब ने विश्व का एक अद्भुत संविधान बनाकर भारत को नए युग में कराया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





14 अप्रैल को भारत रत्न बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती समारोह का आयोजन भदंत आर्य नागार्जुन सुरई ससाई बौद्ध विहार महासमुंद में भारतीय बौद्ध महासभा, सौकां रमाबाई अंबेडकर बौद्ध महिला मंडल एवं भीम युवा प्रकोष्ठ जिला महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिला स्तरीय अंबेडकर जयंती समारोह के मुख्य अतिथि आदित्य बोधी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समता सैनिक दल, अध्यक्षता शंकर नंदेश्वर जिलाध्यक्ष भारतीय बौद्घ महासभा जिला महासमुंद, विशेष अतिथि पीजी बंसोड़ (संरक्षक), संजय वासनिक संरक्षक, तुलेंद्र सागर अजाक्स जिला सचिव, डॉ. एनके मंडपे, प्रमुख सलाहकार, बीआर घोड़ेसवार, सतीश उके, दिलीप मोटघरे, रीना वासनिक बौद्घ महिला मंडल जिलाध्यक्ष एवं अंबेडकर अनुयायीगण मौजूद रहे।

सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे अंबेडकर चौक पर स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात नयापारा में स्थित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। बाद भदंत आर्य नागुर्जन सुरई ससाई बुद्ध विहार में विधिवत बुद्घ वंदना की गई। शाम 5 बजे नयापारा अंबेडकर की प्रतिमा के पास से शोभायात्रा भीम गीतों के साथ बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक विभिन्न चौक चौराहों से होकर बुद्ध विहार के पास स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर चौक पर समापन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अंबेडकर अनुयायी गण उपस्थित रहे।

शाम 7 बजे अतिथियों की उपस्थिति में जिला स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों का स्वागत सम्मान पश्चात सौका रमा बाई अंबेडकर बौद्ध महिला मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न खेलकूद 200 मीटर दौड़ वर्ग की 11 से 15 से 6 से 11 आलू दौड़ बालक बालिका कुर्सी दौड़, फुगड़ी, रंगोली प्रतियोगिता महापुरुषों पर आधारित पेंटिंग कुर्सी दौड़ महिला के प्रतिभागियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। साथ ही सेवानिवृत्त अरविंद गलपांडे और सफल उद्यमी सुखश्याम बंसोड को सम्मानित किया गया। समाज में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने के लिए बीपी मेश्राम, भाऊलाल बेलेकर, बीआर घोड़ेसवार, राजेश आर भालेराव, दिलीप मोटघरे, सुजाता रामटेके, संजय रामटेके, अमित उके, कुणाल रंगारी, रतन कामड़े, सतीश उके, रीना वासनिक देवेंद्र मेश्राम, आकाश डोंगरे, गुणवतंता नागदेवे, राजेश रामा भालेराव, अनिल सहारे आदि सम्मानित को किया गया। बास्केट बाल में गोल्ड मेडल प्राप्तकर्ता दिव्या विनोद रंगारी के साथ ही योजना विनोद रंगारी बास्केट बाल नेशनल खिलाड़ी को सम्मानित किया गया।

सांस्कृति कार्यक्रम भीम व बुद्ध गीतों पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति की गई। जिसमें बाबा साहेब के सामाजिक कार्यों व देश हित में योगदान पर आधारित थे, जिसमें आयुषी मेश्राम, श्रद्धा उके, शेजल मेश्राम, यशस्वी मेश्राम, रुचि माटे, लावण्या रामटेके, अदिति बंसोड़, अंजलि मेश्राम, मीना गौरे, इशिता वासनिक, निशा गजभिये, हर्षिता रामटेके, लक्षित गजभिये द्वारा प्रस्तुति दी गई। जिला अध्यक्ष शंकर नंदेश्वर द्वारा सामाजिक प्रतिवेदन का वाचन कर विगत तीन वर्षों में बुद्घ विहार व समाज की गतिविधि में सहयोग करने वाले समाज जन को धन्यवाद दिया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि आदित्य बोधी ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती केवल आयोजन करने से समाज व व्यक्ति का विकास नहीं होगा, जब हम बाबा साहेब के बताए मार्ग पर उनके मिशन को ध्यान में रखकर कार्य करें तो हम अपना विकास नहीं कर सकते हैं। बाबा साहेब ने विश्व का एक अद्भुत संविधान बनाकर भारत को एक नए युग में प्रवेश कराकर वे महान हो गए। उनके जैसा त्यागी सामाजिक चिंतक, अर्थशास्त्री विधि विशेषज्ञ कोई नहीं है और न कभी भविष्य में ऐसे महान व्यक्ति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन को भारत के प्रत्येक नागरिकों को अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि पीजी बंसोड़, डॉ. एनके मंडपे द्वारा संबोधित किया गया। आभार प्रदर्शन संजय वासनिक द्वारा किया गया। मंच का संचालन बीपी मेश्राम ने किया। अंत में अतिथि गणों को प्रतीक चिन्ह देकर समाज द्वारा सम्मानित किया गया। भारतीय बौद्ध महासभा जिला महासमुंद, सौकां रमाबाई अंबेडकर बौद्ध महिला मंडल एवं भीम युवा प्रकोष्ठ जिला महासमुंद के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भोरिंग में मनाई गई बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड के ग्राम भोरिंग (तुमगांव) में बाबा साहेब आंबेडकर की 133वीं जयंती जय भीम जन सेवा समिति व ग्रामवासियों द्वारा मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जय भीम सेवा समिति के संरक्षक राजू बाघमारे उपस्थित थे। उन्होंने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप जलाकर उनका स्मरण किया। साथ ही समिति के सदस्यों व ग्रामीणों ने केक काटकर बाबा साहेब के जन्म जयंती पर खुशी जाहिर की।

## केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर लागू होगी युवा न्याय योजना : विनोद



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भारतीय जनता पार्टी के केंद्र सरकार पर युवा विरोधी व श्रमिक विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 में सत्ता में आते ही हर साल 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा कर जुमलेबाज सरकार ने युवाओं को रोजगार देने का कोई पहल नहीं किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां केंद्र सरकार के विभिन्न स्तरों पर स्वीकृत लगभग 30 लाख पद रिक्त हैं, वहीं वर्तमान मोदी राज में देश में बेरोजगारी ऐतिहासिक रूप से शिखर पर है। 2014 के पहले पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय केंद्रीय विभागों में भर्ती के लिए एसएससी, बैंकिंग, रेलवे सहित तमाम भर्ती परीक्षाएं हर 3 महीने में आयोजित होती थीं, जो मोदी सरकार बनने के बाद से पिछले 10 सालों से लगभग बंद है।

## सुभाष नगर शक्ति केंद्र में चाय पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



सुभाष नगर शक्ति केंद्र क्लब पारा वार्ड नंबर 26 में चाय पर चर्चा कार्यक्रम में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, इंद्रजीत गोल्डी, विधानसभा सहसंयोजक संदीप दीवान, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, सतपाल सिंह पाली मंडल अध्यक्ष, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष पवन पटेल, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, शहर मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, पार्षद मनीष शर्मा, शक्ति केंद्र प्रभारी लाल विजय प्रताप, संयोजक लक्ष्मी साहू, सहसंयोजक शुभ्रा शर्मा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा, बूथ के अध्यक्षगण एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शंभू साहू, अनुज पांडे, यतिन राव, अनिल सोनी, सुरेश साहू आदि मौजूद रहे।

## स्वीप खेल गतिविधियों के विजेताओं को कलेक्टर ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन में स्वीप मतदाता जागरुकता अभियान जिले में आयोजित किया जा रहा हैं। खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में विभिन्न खेल गतिविधियां 6 से 7 अप्रैल एवं 13 अप्रैल शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियां 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, कुर्सी दौड़, लंगड़ी दौड़, संखली, बोरा दौड़, फ्रंट रोल, चम्मच बांटी दौड़, खो खो व कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

जिले के बालक बालिका खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने आयोजन में मतदाताओं को जागरुक करने संदेश देते हुए नारे लगाए, दाई-ददा दूनों झन, मतदान करें बर भूलों झन। हम सब हैं देश की शान, चलो चले करें मतदान। चाहें नर हो या नारी, मतदान हैं सबकी जिम्मेदारी। शत प्रतिशत मतदान, महासमुंद का अभिमान। मत देना अपना अधिकार, बदले में न लो उपहार। चुनाव का पर्व है देश के लिए गर्व है, मतदान करना हम सबका कर्त्तव्य है। इसके साथ ही मतदान जरूर करें का संदेश दिया।

13 अप्रैल को पुरस्कार वितरण समारोह में जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक, जिला स्वीप नोडल अधिकारी एस आलोक ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। जिसमें बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान विजेता जोशी, द्वितीय स्थान सुरेखा ध्रुव, तृतीय स्थान अनिशा मिंज, कुर्सी दौड़ में प्रथम नीरा देवांगन, द्वितीय सोनाली दीवान, तृतीय राधिका दीवान, गोला फेंक में प्रथम वर्षा सोनटके, द्वितीय प्रीति सबर, तृतीय कामिनी ध्रुव, बोरा दौड़ में प्रथम सुरेखा ध्रुव, द्वितीय प्रीति सबर, तृतीय पूर्णिमा धीवर, चम्मच बांटी दौड़ में प्रथम भुवनेश्वरी सोनकर, द्वितीय पदमिनी साहू, तृतीय प्रियांशु साहू, फ्रंट रोल में प्रथम प्रियांशु साहू, द्वितीय विजेता जोशी, तृतीय सोनाली दीवान, लंगड़ी दौड़ में प्रथम सुरेखा द्वितीय, प्रीति तृतीय राधिका व बालक वर्ग में प्रथम स्थान राजेंद्र पटेल, द्वितीय श्यामचंद, तृतीय सागर यादव, बोरा दौड़ में प्रथम डगेंद्र रात्रे, द्वितीय राजेंद्र, तृतीय आर्य राज, गोला फेंक में प्रथम आर्य राज, द्वितीय प्रेम सिंह, तृतीय डगेंद्र रात्रे, चम्मच बांटी दौड़ में प्रथम हेमंत साहू, द्वितीय पूनम साहू, तृतीय इंद्रजीत, फ्रंट रोल में प्रथम राजेंद्र, द्वितीय डगेंद्र, तृतीय आर्य राज, लंगड़ी दौड़ में प्रथम अनमोल, द्वितीय राहुल, तृतीय इंद्रजीत को मिला। खो खो, कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से जिला पंजियक दीपक मंडावी, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनिल भोई, हिरेंद्र साहू, एवन साहू ने परिचय प्राप्त कर खेल की शुरुआत किया। 26 अप्रैल को मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने संदेश दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में टिकेश्वर,अभिषेक, उदय, सेवन दास, नीलम सिन्हा का सहयोग रहा। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## डीएमएस विद्यालय के स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय डीएमएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का स्थानीय परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित हुआ। घोषणा के अनुसार कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 56.6 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम स्थान चांदनी यादव 96 प्रतिशत, द्वितीय स्थान लोकेश्वरी साहू 94 प्रतिशत, तृतीय स्थान जागृति निर्मलकर का 83 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वी ब का परीक्षा परिणाम 63.63 रहा, जिसमें प्रथम स्थान योगेश साहू ने 90.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान तुलसी तारक ने 90.5 प्रतिशत, तृतीय स्थान थानेश्वरी बांधे ने 85.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 9वी ए और बी दोनों के परीक्षा परिणाम को मिलाकर प्रथम स्थान चांदनी यादव, द्वितीय स्थान लोकेश्वरी साहू, तृतीय स्थान योगेश साहू का रहा।

कक्षा 11वी के तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम के तहत प्रथम स्थान ललिता निषाद विज्ञान संकाय की 87.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान शैलेंद्र साहू वाणिज्य संकाय का 87 प्रतिशत, तृतीय स्थान दिनेश कुमार सिन्हा कला संकाय का 86.4 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार 11वीं कला का परिणाम 85.29 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम स्थान दिनेश कुमार सिन्हा ने 86.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान साक्षी सबर ने 85.8 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान अंजलि यादव ने 74.4 प्रतिशत अंक हासिल किया। 11वीं वाणिज्य का परीक्षा परिणाम 88.80 प्रतिशत रहा, जिसमें प्रथम स्थान शैलेंद्र साहू ने 87 प्रतिशत, द्वितीय स्थान लता जलक्षत्री ने 77 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान मोना साहू ने 69.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम स्थान ललिता निषाद 87.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान ममता निषाद 85.5 प्रतिशत, तृतीय स्थान नागेश्वर साहू का 84.5 प्रतिशत अंक रहा। परीक्षा परिणाम घोषित करने के पूर्व परीक्षा प्रभारी स्थानीय प्रीति यादव ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होने के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही अनुत्तीर्ण या पूरक आने पर निराश न होकर पुनः अच्छे से पढ़ाई करने की बात कही। शाला का परीक्षा परिणाम प्राचार्य केके शुक्ला के द्वारा जारी किया गया एवं उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगामी वर्ष में और अच्छे मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई कर संस्था, शहर और जिला तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम को मानिक लाल साहू ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता रिखी राम साहू ने किया। कार्यक्रम में संस्था के सभी सदस्य जगदीश लाल साहू, गायत्री पटेल, सोम प्रकाश साहू, दीपेंद्र भोई, आशालता सिन्हा, रिचा साहू, आरती साहू, हर्षिता चंद्राकर, नेहा गुप्ता, प्रिया देवांगन, प्रज्ञा पांडे, जितेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिरेंद्र कुमार साहू ने किया।



## व्यय प्रेक्षक दबास ने चेक पोस्ट रेहटीखोल एवं खम्हारपाली का किया निरीक्षण

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रेक्षकों द्वारा लगातार चेक पोस्ट, मतदान केन्द्रों आदि का निरीक्षण किया जा रहा है। सोमवार को महासमुंद लोकसभा क्रमांक 09 के महासमुंद, खल्लारी, बसना एवं सरायपाली के व्यय प्रेक्षक मनीष कुमार दबास द्वारा अंतरराज्यीय सीमा रेहटीखोल एवं खम्हारपाली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने एसएसटी टीम को कड़ाई से जांच किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने संधारित पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने टीमों को 24 घंटे सतत निगरानी के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अब्दुल वहीद खान लाइजनिंग अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी महासमुंद, ओंकारेश्वर सिंह एसडीएम सरायपाली, वर्मा तहसीलदार सरायपाली मौजूद थे।

## सनातन धर्म व देश विरोधी पार्टी बनकर रह गई है कांग्रेसः देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार सनातन धर्म का अपमान, हिंदू विरोधी गतिविधियों तथा भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने से नाराज व उपेक्षित कांग्रेस नेता आज भाजपा का दामन थाम रहे हैं। कांग्रेस के कई नेता ऐसे हैं, जो अपने धर्म व देश से प्रेम करते हैं। ऐसे नेताओं और कार्यकर्ताओं को कांग्रेस में कोई सम्मान नहीं दिया जा रहा। कांग्रेस का विचारधारा हिंदू विरोधी व सनातन धर्म तथा देश विरोधी है। इसलिए, जो इस देश से प्रेम करते हैं। ऐसे कांग्रेसी भाजपा का दामन थाम रहे हैं।

चंद्राकर ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी केवल देश विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों का पार्टी बनकर रह गया है। कांग्रेस ने सदैव भाजपा द्वारा लिए गए देश हित के निर्णयों का विरोध किया। प्रधानमंत्री के 10 सालों के कार्यकाल में देश विश्व पटल पर मजबूती से खड़ा है। इन 10 सालों के कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर लगातार शिकंजा कसा गया। आज भ्रष्टाचारी जेल में है, उन्हें बेल तक नहीं मिल रही। केंद्र सरकार के 10 सालों के कार्यकाल में कोई भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। ईमानदार और स्थिर सरकार के कारण भारत का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है।



## परसकोल में मनाई गई अंबेडकर की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम परसकोल में संविधान निर्माता व भारतरत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यर्पण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर तक पहुंचने के लिए सीढ़ी की जरूरत पड़ती है और यह सीढ़ी शिक्षा की है। इसलिए बच्चों को खूब पढ़ाए। इस अवसर पर एसपी ध्रुव, एमएल ध्रुव, यशवत ठाकुर, विजय बंजारे, दिनेश बंजारे, रेखराम बघेल, तुलेंद्र सागर, अनिल ढीढी, देवेंद्र मिर्चे, नूतन कुर्रे आदि उपस्थित रहे।

## बागबाहरा के पिथौरा चौक में मनाई गई अंबेडकर की जयंती



बागबाहरा। नगर में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगर के पिथौरा चौक में आयोजित इस अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में सांसद प्रत्याशी एवं पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने शिरकत की। इस दौरान संविधान निर्मात्री सभा के अध्यक्ष बाबा भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए हमारे देश के संविधान निर्माण में बाबा भीमराव अंबेडकर की योगदान का स्मरण किया। साथ ही संत रविदास के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## संविधानशिल्पी आंबेडकर को आस्था ने किया नमन, सामाजिक समरसता पर हुई परिचर्चा

**महासमुंद।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर आस्था साहित्य समिति महासमुंद द्वारा डॉ. अंबेडकर और सामाजिक न्याय एवं सामाजिक समरसता विषय पर पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद केआर चंद्राकर के निवास पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार एस चंद्रसेन ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक समानता के पक्षधर थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक समानता के बिना आर्थिक, राजनीतिक, बौद्धिक समानता नहीं आएगी। आस्था साहित्य समिति अध्यक्ष साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि समता स्वतंत्रता बंधुत्व व न्याय के स्तंभों पर आधारित हमारा संविधान सबसे बड़ा धर्मग्रंथ है। डॉ. अंबेडकर सच्चे अर्थों में महान राष्ट्र नायक थे। उन्होंने जातिवाद, अशिक्षा, अंध विश्वास और रुढ़िवादिता का प्रखर विरोध कर राष्ट्रीय एकता और सद्भावों को नई दिशाएं दी। वे सामाजिक समरसता के प्रबल पक्षधर थे। इस अवसर पर साहित्यकार एसआर बंजारे, बंधु राजेश्वर खरे, उमेश भारती गोस्वामी, टेकराम सेन, कमलेश पांडेय, केआर चंद्राकर, राधेश्याम सोनी ने विचार रखते हुए कहा कि मंजिल पर टिके रहना यह ताकत हमें बाबा साहेब ने संविधान के रुप में दी। बाबा साहेब समाज के वर्ण व्यवस्था जाति प्रथा व अस्पृश्यता का पुरजोर विरोध किया। सभी ने उन्हें अवतारी पुरुष निरुपित करते हुए एक स्वर में कहा कि बाबा साहब का सामाजिक न्याय का विचार समाज में आत्मबल व चेतना जागृत करता है। भारत के संविधान शिल्पी डॉ. अंबेडकर का संविधान विश्व के संविधान का हृदय है। परिचर्चा के शुभारंभ में राधेश्याम सोनी द्वारा सामाजिक समरसता पर गीत प्रस्तुत किया गया। साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने परिचर्चा का संचालन करते हुए कहा कि जिन्दगी में जीत और हार हमारी सोच बनाती है जो मान लेता है वह हार जाता है और जो ठान लेता है वह जीत जाता है। यही डॉ. भीमराव अंबेडकर का संदेश है। परिचर्चा के दौरान तिलक चंद्राकर, प्रभा चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर सहित साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। आयोजन के लिए शिक्षाविद केआर चंद्राकर ने आभार जताया।

## खबर संक्षेप



### बेमचा खल्लारी मंदिर में हवन आज, मेला 23 को

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा स्थित मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ मंदिर में हवन अनुष्ठान कार्यक्रम 16 अप्रैल मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे होगा। वहीं मंदिर परिसर में मेला 23 अप्रैल मंगलवार को लगेगा। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### दुर्गा चालीसा पाठ आज

**महासमुंद।** स्थानीय दुर्गा वाहिनी कार्यकर्ताओं द्वारा राम जानकी मंदिर में दुर्गा अष्टमी पर 16 अप्रैल को शाम 6 बजे दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है।



### लाफिनखुर्द में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में प्रेरणा कार्यक्रम के तहत विकसित भारत का मेरा दृष्टिकोण 2047 की थीम पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वेद कुमारी निषाद, संध्या पटेल, लीना साहू, उर्वशी साहू, भारती, दिनेश आदि बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें माधुरी साहू का चयन पोस्टर प्रतियोगिता के लिए किया गया एवं निबंध में लीना साहू तथा कविता में माधुरी साहू को स्थान प्राप्त हुआ। सरायपाली में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए माधुरी साहू कक्षा नवमी का चयन किया गया।

### 26 अप्रैल को सामान्य अवकाश घोषित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन द्वारा समस्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम अनुसार तीनों चरणों के मतदान तिथियों में सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। जिसमें लोकसभा संसदीय क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए द्वितीय चरण के मतदान तिथि शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश रहेगा।

### 3 जून तक जमा किया जाएगा ईटीपीबी

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन क्षेत्र 09 महासमुंद के सेवा मतदाताओं को जारी किए गए इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट (ईटीपीबी) को मतदान उपरांत वापस प्राप्त किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा इस कार्य के लिए कक्ष क्रमांक 25 कार्यालय कलेक्टर महासमुंद को अधिसूचित किया गया है। ईटीपीबी 03 जून 2024 दोपहर 3 बजे तक प्राप्त किया जाएगा एवं प्रतिदिन प्राप्त ईटीपीबी को दोपहर 3 वीडियोग्राफी एवं अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, प्रतिनिधि की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम जिला कोषालय महासमुंद में सील बंद पेटी में जमा किया जाएगा।

### खड़सा में अवैध उत्खनन करते जेसीबी सील

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई जारी है। साथ ही उक्त वाहनों को अवैध कार्य किए जाने पर खनिज नियमों के तहत नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी तहसीलदार धर पंडा ने बताया कि ग्राम खड़सा में अवैध उत्खनन करते हुए जेसीबी को रविवार रात्रि में सील किया गया। इस दौरान राजस्व और खनिज की टीम मौजूद थी। ज्ञात है कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कड़ी नजर रखी जा रही है और सतत कार्रवाई की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ राज्य अंडर 17 फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप का समापन

## ओपन वर्ग में रायपुर के शुभंकर बामलिया व गर्ल्स कैटेगरी में कोरबा की परी तिवारी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य अंडर 17 ओपन व गर्ल्स फीडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप का समापन भिलाई के सेक्टर 5 स्थित आंध्रा भवन में हुआ। समापन समारोह व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी राजेश जैन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष प्रदीप दास ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमंत खुटे, मिनिगोल्फ के राष्ट्रीय चैंपियन इमरान, दुर्ग जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव सुबोध कुमार सिंह, स्पर्धा के मुख्य निर्णायक रॉकी देवांगन मंचासीन थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि दैनिक जीवन में शतरंज का विशेष महत्व है। शतरंज खेलने से दिमाग के सोचने समझने की क्षमता में वृद्धि होती है। जिसका उपयोग हम अपने-अपने क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए कर सकते हैं। राज्य सचिव हेमंत खुटे ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी खेल का अंतिम परिणाम जीत या हार होती है। हार-जीत भी हमारे जीवन का हिस्सा है। जीत जहां हमें आत्मविश्वास से लबरेज करता है। वही हार हमें संघर्ष करना सिखाती है। जून माह में पिथौरा में होने वाली सीनियर महिला व पुरुष की राज्य चयन स्पर्धा की घोषणा भी खुटे ने मंच से की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदीप दास ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शतरंज का खेल प्रदेश में तेजी से विकास कर रहा है। विगत कुछ वर्षों से लगातार खिलाड़ियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। हम अभी 3 महीने के भीतर 5 रेटिंग चेस चैंपियनशिप करने जा रहे है। ताकि, रेटिंग के लिए खिलाड़ियों को प्रदेश से बाहर जाना न पड़े। राज्य चयन स्पर्धा अंडर 17 ओपन व गर्ल्स कैटेगरी के परिणाम इस प्रकार है।



बॉयज कैटेगरी में प्रथम शुभंकर बामलिया रायपुर, द्वितीय गगन साहू रायगढ़, तृतीय प्रभमन सिंह मल्होत्रा, चतुर्थ प्रशांत ध्रुवंशी बिलासपुर, गर्ल्स कैटेगरी में प्रथम परी तिवारी कोरबा, द्वितीय राशि वरुणकर राजनांदगांव, तृतीय अदिति आदित्य रायपुर, चतुर्थ अंशिका मिंज रायपुर रही। बॉयज कैटेगरी में बेस्ट बस्तर का पुरस्कार रिआंश कुमार चटर्जी व गर्ल्स केटेगरी बेस्ट बस्तर गर्ल्स का पुरस्कार अलंक्रुता मोहराना को मिला। इसी तरह से बेस्ट सरगुजा बॉयज का अवॉर्ड यीजनांश गुप्ता को दिया गया। दुर्ग डिसट्रिक्ट अंडर-13 ओपन व गर्ल्स चेस टूर्नामेंट के विविध कैटेगरी के परिणाम इस प्रकार रहे गर्ल्स कैटेगरी के अंडर 7 आयु समूह में इरा देशलहरा,अंडर 9 में प्रथम मनस्वी शर्मा, द्वितीय आश्रिया शर्मा, अंडर 11 में कोंडप्पा हर्षिता प्रथम, द्वितीय रिधिमा त्रिपाठी, अंडर 13 में प्रथम असमी मेहता प्रथम, द्वितीय चार्वी मंडले, तृतीय परिधि लिहारे। बालक केटेगरी के अंडर 7 आयु समूह में प्रथम आर्यन गोयल, द्वितीय अरहम जैन, तृतीय नमीश साहू। अंडर 9 में प्रथम वी विराट अय्यर, द्वितीय पलकश यदु, तृतीय आंकक्षित साहू, अंडर 11 में प्रथम रुद्रांश आमटे, द्वितीय प्रांजल सिंह, तृतीय भार्गव साहू। अंडर 13 में प्रथम आदित्य राज द्विवेदी, द्वितीय आर्यन कुमार, तृतीय एकागढ़ वर्मा।

स्पर्धा में इनामी राशि कुल 40000 रुपए रखी गई थी। सभी विजेताओं खिलाड़ियों को ट्रॉफी व नगद राशि इनाम स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। इस स्पर्धा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 152 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस स्पर्धा के दोनों वर्गों से 2-2 खिलाड़ी राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का संचालन विकास शर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

## आयोजन: पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे कलेक्टर

# स्वीप क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के फाइनल में सरायपाली ने महासमुंद को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के मिनी स्टेडियम में पहली बार

- खिलाड़ियों ने शानदार आयोजन के लिए जिला प्रशासन को दिया धन्यवाद

रात्रिकालीन क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का आयोजन मतदाता जागरुकता अभियान स्वीप के तहत किया गया था। दूधिया रोशनी में नहाता हुआ यह स्टेडियम में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा था। स्टेडियम के दीवारों पर मतदाता जागरुकता अभियान के स्लोगन के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान का संदेश भी दिया जा रहा था। फाइनल मैच में कलेक्टर प्रभात मलिक और व्यय प्रेक्षक मनीष कुमार दबास, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक पूरे समय खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते रहे।

उल्लेखनीय है कि जिले में अनिवार्य मतदान को लेकर जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वीप क्रिकेट रात्रिकालीन लीग टूर्नामेंट का आयोजन जिला




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशन तथा जिला स्वीप नोडल एवं आलोक के मार्गदर्शन में किया गया। टूर्नामेंट का आयोजन 4 अप्रैल से 13 अप्रैल तक खेल विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। महासमुंद विकासखंड स्तर पर 16 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसका फाइनल मैच 12 अप्रैल को खेला गया। फाइनल मैच में महासमुंद क्लब ने तेंदुवाही को हराकर विकासखंड महासमुंद का विजेता बना। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 13 अप्रैल को 3 बजे से खेला गया जिसमें पहला सेमी फाइनल मैच महासमुंद विरुद्ध बसना खेला गया। जिसमें महासमुंद ने 200 रन का लक्ष्य रखा। संजू ने 127 रनों की पारी खेली। जवाब में बसना 8 ओवर में 92 रन ही बना सकी। दूसरा सेमी फाइनल मैच बागबाहरा विरुद्ध सरायपाली के मध्य खेला गया जिसमें सरायपाली ने 85 रन के लक्ष्य को 6 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच योगेंद्र दुबे ने 53 रन बनाए। फाइनल मैच रात्रि 9 बजे सरायपाली विरुद्ध महासमुंद के मध्य खेला गया। कलेक्टर प्रभात मलिक ने सिक्का उछालकर दोनों टीमों के मध्य टॉस कराया। उन्होंने बारी-बारी से दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान कलेक्टर ने बैट से भी हाथ आजमाए। टॉस जीतकर महासमुंद ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। सरायपाली ने निर्धारित 8 ओवरों में 7 विकेट खोकर 93 रंग बनाए। हरीश ने 4 छक्कों की मदद से 29 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महासमुंद की टीम शुरुवात से ही लड़खड़ा गई और पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज संजू आउट हो गए और क्रमशः एक अंतराल में अपना विकेट खोते चले गए। आखिरी ओवर तक केवल 63 रन ही बना सकी। सरायपाली ने फ़ाइनल मैच 30 रन से जीता। इस प्रकार फाइनल मुकाबला में सरायपाली ने खिताब अपने नाम कर लिया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच सरायपाली के हरीश को प्राप्त हुआ।

### विजेता टीमों को प्रमाण पत्र और नगदी राशि देकर किया प्रोत्साहित

मैच समापन के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक, व्यय प्रेक्षक मनीष कुमार दबास और जिला स्वीप नोडल अधिकारी एस आलोक व अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को 12000 रुपए का चेक, उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र, 8000 रुपए नगद पुरस्कार का चेक प्रदाय किया गया। फाइनल मैच में उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक नोडल स्वीप रेखराज शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी पोषण साहू उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह में खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे द्वारा कलेक्टर प्रभात मलिक, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, रेखराज शर्मा, संगीता सिंह, पोषण साहू को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में निर्णायक मंडल आशुतोष जोशी, प्रदीप यादव, तोरण ध्रुव, विकास औशर, अभिषेक गुप्ता, सौरभ साहू का सहयोग रहा। अतिथियों ने सभी को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया। मंच संचालन सिराज बक्श, सेवन दास मानिकपुरी ने किया। आभार स्वीप जिला नोडल अधिकारी एस. आलोक ने जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से रात्रि कालीन क्रिकेट लीग टूर्नामेंट खेला गया जिसमें सहयोगी विभाग, निर्णायक व सभी का आभार व्यक्त किया।

## कोलता समाज सम्मेलन में शामिल हुए संपत और रूपकुमारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शनिवार को बसना में आयोजित कोलता समाज सम्मेलन में विधायक डॉ संपत अग्रवाल, लोकसभा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी एवं कोलता समाज के प्रमुख पदाधिकारियों सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम रणेश्वर रामचंडी माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ संपत अग्रवाल एवं लोकसभा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी ने मोदी सरकार के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकरी देते हुए कहा कि लगातार भाजपा परिवार में लोग अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो रहे हैं, इससे ये साबित होता है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है।

इस मौके पर विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, विधानसभा संयोजक डॉ. एनके अग्रवाल, समाज महामंत्री मथामणी बढ़ाई, संभागीय सदस्य लक्ष्मण प्रधान, आंचलिक उपाध्यक्ष अमित साहू, सभापतिगण त्रिलोचन भोई, नवीन साहू, रसिक प्रधान, विनोद बारीक, हजारु प्रधान, परमानंद प्रधान, अशोक साहू, खेमराज साहू, संजय भोई, गोविंद प्रधान, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, विश्वनाथ प्रधान, पूर्व सभापति थबीर साहू, पूर्व आंचलिक महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बसंती प्रधान, उपसभापति केतब बारिक, आंचलिक सचिव लक्ष्मीनारायण भोई, नरोत्तम साहू, गोकुलानंद प्रधान, रमेश भोई संजय प्रधान सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 32 मरीजों का उपचार

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। इसमें 32 मरीज का उपचार किया गया। डिप्रेशन 5, सायकोसिस 10, एनजायटी 5, एल्कोहल विथड्रॉल 4, जीएडी 4, सोमेटो फॉम 2, आर्गेनिक 1, मेंटल रिटार्डेशन 1 को निःशुल्क दवाई दी गई। साथ ही मनो सामाजिक परामर्श दिया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ बीबी कोसरिया, डॉ चितत्रेस डडसेना ब्लॉक नोडल मानसिक स्वास्थ्य, बीपीएम जयकांत विश्वकर्मा, जिला चिकित्सालय से रामगोपाल खूंटे, मेघा ताम्रकार, टेकलाल नायक का सहयोग रहा।



### केंद्रीय विद्यालय में पुस्तकोपहार कार्यक्रम

**महासमुंद।** केंद्रीय विद्यालय में संगठन की पहल एवं प्राचार्य संजय कंसल के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के बचाव के उद्देश्य से पुस्तकोपहार कार्यक्रम 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत अभी तक कुल 954 पुस्तकें 192 विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के बच्चों को दान में दी जा चुकी हैं। विद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा यह कार्यक्रम लगातार पूरे वर्ष ही चलता रहता है।

### स्थैतिक निगरानी दलों एवं ड्यूटी स्थल में आंशिक संशोधन

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत विधानसभा 42-महासमुंद में नियुक्त स्थैतिक निगरानी दलों एवं ड्यूटी स्थल में प्रशासनिक आधार पर संशोधन करते हुए अपर कलेक्टर एवं नोडल स्थैतिक निगरानी दल रवि साहू द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी चेक पोस्ट घोड़ारी-1 (धरम कांटा के सामने) में तीन पालियों में लगाई गई है। जिसमें प्रातः 8 बजे से दोपहर 03 बजे तक रामेश्वर देवांगन उप अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं भूषण लाल ठाकुर श्रम निरीक्षक श्रम विभाग ड्यूटी पर रहेंगे। इसी तरह दोपहर 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रेमसिंग नवर्गे जिला परियोजना समन्वयक पीएचई तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 8 बजे तक नीलेश देवांगन जिला परियोजना समन्वयक पीएचई की ड्यूटी लगाई गई है। तीनों पालियों में एक पुलिस अधिकारी, दो सुरक्षा गार्ड और एक वीडियोग्राफर साथ रहेंगे।

# होम वोटिंग 18 को, नहीं मिले तो 20 को फिर मौका

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वाले तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर में जाकर मतदान कराया जाएगा। जिले में होम वोटिंग 18 अप्रैल को होगी। यदि इस दिन संबंधित मतदाता घर में नहीं मिला तो मतदान दल दूसरी बार 20 अप्रैल को पुनः मतदाता के घर जाएंगे। यदि उस दिन भी मतदाता घर में नहीं मिले तो इसके मतदाता को बाद अवसर नहीं दिया जाएगा। इसके लिए जिले में कुल 226 लोगों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनके मतदान के लिए कुल 33 मतदान दलों की नियुक्ति कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात



मलिक द्वारा किया गया है। इन मतदान दलों में सेक्टर अधिकारी, दो मतदान अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर तथा सुरक्षा कर्मी रहेंगे। आज इन सभी मतदान अधिकारियों को वन प्रशिक्षण शाला में प्रशिक्षण दिया गया। जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। इसके लिए सबसे पहले मतदाता का एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित किया जाएगा। तत्पश्चात मतदाता को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। मतदाता की बायीं तर्जनी में अमिट स्याही लगाई जाएगी तथा अनुलग्नक दो में उसका हस्ताक्षर भी लिया जाएगा। फिर मतदाता को मतपत्र प्रदान किया जाएगा। जिसमें मतदाता अपने पसंद के अभ्यर्थी को पेन से सही अथवा क्रास का निशान लगाकर मतदान करेगा और मतपत्र को नियमानुसार मोड़कर लिफाफा 13 बी में डालेगा और गोंद से चिपका लिया जाएगा। मतदान करते समय इसकी गोपनीयता का ध्यान रखा जाना जरूरी है। गिरि ने प्रशिक्षण में बताया कि मतदाता को प्रारूप 13 ए घोषणा पत्र में भी हस्ताक्षर कराया जाएगा। फिर मतपत्र का लिफाफा 13 बी और घोषणापत्र को बड़े लिफाफे 13 सी में डालकर गोंद से चिपका दिया जाएगा। अंत में इस बड़े लिफाफे को सीलबंद मतपेटी में डाल दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इन समस्त प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी भी कराई।

# विश्व हिंदू परिषद की जिला स्तरीय बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक पिथौरा में हुई। जिसमें प्रांत सह अर्चक पुरोहित, उत्तम वर्मा व राजिम विभाग मंत्री अखिलेश लूनिया उपस्थित रहे। इसमें संगठन का गांव-गांव में विस्तार करने कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। संगठन के आयाम को पूर्ण करने व सभी कार्यकर्ता प्रशिक्षित एवं आचरण में रहकर कार्य करने पर जोर दिया।

जिला अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने विभिन्न दायित्वों की घोषणा की। जिसमें जिला सह विशेष संपर्क प्रमुख रमेश कर, सरायपाली अध्यक्ष गुड्डू जयसवाल, सेवा शंकर अग्रवाल उपाध्यक्ष, जन्मजय नायक, मंगला यादव मंत्री नंदलाल यादव, सह मंत्री विकास महापात्र, बजरंग दल संयोजक प्रदीप साहू, सहसंयोजक विश्वनाथ प्रधान, नंदन, गौ सेवा जितेन्द्र साहू, अंकित तांडी, सुरक्षा प्रह्लाद डडसेना, सहसुरक्षा बिट्टू यादव, बालोपासना अनिकेत सिंह, साप्ताहिक मिलन प्रमुख आशीष त्रिपाठी, प्रचार प्रमुख आशुतोष मिश्रा, सह प्रचार प्रमुख रोहित शर्मा, मातृशक्ति संयोजिका शांति मिश्रा, दुर्गा वाहिनी संयोजिका प्राची यादव, सहसंयोजिका मुश्कान गुप्ता, आरती गोस्वामी व स्नेहा सिंह, सरायपाली ग्रामीण अध्यक्ष किशोर रथ, बसना प्रखण्ड अध्यक्ष विद्याचरण पटेल, उपाध्यक्ष उपेंद्र देवता, कृष्णा साहू सांवर अग्रवाल, सुजाता प्रधान मंत्री अरुण प्रधान, सह मंत्री प्रेमचंद भोई, भूपेंद्र शर्मा, मातृशक्ति संयोजिका डा अरुणा अग्रवाल, सह संयोजिका हिमानी डडसेना, सत्संग प्रमुख लवंग दास, प्रचार प्रमुख सुनील वैष्णव, साप्ताहिक मिलन चंद्रभान साहू, सुरक्षा प्रमुख दीपक पंडा, सेवा प्रमुख ताराचंद पटेल। पिथौरा में



प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष टिकेश डड़सेना, गणेश राम साहू, चम्पेश्वर साहू, मंत्री रोमन साहू, बजरंगदल संयोजक ब्रजेंद्र प्रधान, सहमंत्री तनुज चक्रधारी, गौ सेवा प्रमुख दिलीप पटेल के नवीन दायित्वों की घोषणाकी गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विहिप सौरभ अग्रवाल, राजिम विभाग मंत्री अखिलेश लुनिया, विभाग विशेष संपर्क प्रमुख विष्णु चंद्राकर, विभाग सह संयोजिका अदिति चंद्राकर, कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष चंद्राकर, जिला मंत्री धनेंद्र चंद्राकर, बजरंगदल जिला संयोजक गीतेश पंडा, जिला सं यो जि का चांदनी साहू, जिला सहमंत्री बसंत देवता, राजेश चौधरी, सह संयोजक दुर्गेश यादव, अभिषेक दास, राजा चंद्राकर, जिला गौ सेवा प्रमुख मयंक पाणिग्रही, जिला गौ सुरक्षा प्रमुख चंचल उमरेडकर, जिला सतसंग प्रमुख रामेश्वर गोलू साहू, सह सत्संग प्रमुख दुर्गेश पटेल, जिला अर्चक पुरोहित सुरेंद्र दास, नगर मंत्री हिमांशु तिवारी, सह मंत्री योगेश सोनवानी, प्रखण्ड अध्यक्ष बजरंग दल कान्हा प्रधान, छात्र प्रमुख राहिल गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष चंद्राकर आदि शामिल है।




